News Release

Hyundai Celebrating Thirty Years in India

HYUNDAI | Moving the world Together — A CSR initiative by Hyundai Motor India Foundation

हयूंडई 'आर्ट फॉर होप' ने 5 सीजन में अब तक 200 कलाकारों को दिया 2.3 करोड़ रुपये का अनुदान

ट्राइबल स्टोरीटेलर्स से लेकर डिजिटल क्रिएटर्स तक: 'आर्ट फॉर होप - सीजन 5' में दिखी रचनात्मकता की दुनिया में भारत की व्यापकता

- **सीजन 5 के अनुदान प्राप्तकर्ता:** 50 कलाकारों एवं कला समूहों को मिला 60 लाख रुपये का अनुदान, कला को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाने की दिखी पहल
- **राष्ट्रीय स्तर पर व्यापकता:** करीब 800 आवेदनों में से चुने गए अनुदान प्राप्तकर्ता 22 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदशों से हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं एचएमआईएफ के प्रभाव की व्यापकता को दिखाने वाला है
- **समग्र पहुंच:** एच एम आई एफ की कला आधारित पहलों के माध्यम से अब तक देशभर में 25,000 से ज्यादा कलाकारों को सशक्त किया गया है
- **आर्ट फॉर होप प्रदर्शनी - सभी के लिए निशुल्क प्रवेश:** 20 से 22 मार्च, 2026 तक नई दिल्ली के त्रावणकोर पैलेस में तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सीजन 5 के विजेताओं के साथ-साथ कारीगरों के स्टॉल, वर्कशॉप, एक्सपर्ट सेशंस और कल्चरल परफॉर्मेंस का आयोजन किया जाएगा।

नई दिल्ली, 20 मार्च, 2026: हयूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) की परोपकारी कार्य करने वाली इकाई हयूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एच एम आई एफ) ने त्रावणकोर पैलेस, नई दिल्ली में अपनी पहल 'आर्ट फॉर होप' के सीजन 5 का उद्घाटन किया है। इस प्रोग्राम के तहत 22 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 50 विजेता कलाकारों एवं कला समूहों को कुल 60 लाख रुपये का अनुदान दिया गया। इस संस्करण के साथ, आर्ट फॉर होप के माध्यम से अब तक देशभर के 200 कलाकारों को कुल 2.3 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। देशभर में अपनी विभिन्न कला केंद्रित पहलों के माध्यम से एच एम आई एफ ने अब तक 25,000 से ज्यादा कलाकारों को मदद दी है।

आर्ट फॉर होप की प्रासंगिकता पर भारत में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के राजदूत श्री ली सियोंग-हो ने कहा, "ऐसे कलाकारों का समर्थन देने पर फोकस करना, जिनका काम सामाजिक एवं पर्यावरणीय मसलों से जुड़ा, आर्ट फॉर होप को सही मायने में सार्थक बनाता हैं। यह रचनात्मकता,

कम्युनिटी और कल्चरल डेवलपमेंट को सपोर्ट करने की ह्यूंडई मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को दिखाता है। रिपब्लिक ऑफ कोरिया का दूतावास ऐसे प्रयासों की सराहना करता है और विशेष रुचि के साथ ऐसे कार्यक्रमों का समर्थन करता है।"

आर्ट फॉर होप - सीजन 5 के उद्घाटन के मौके पर एच एम आई एल के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री तरुण गर्ग ने कहा, "ह्यूंडई के ग्लोबल विजन 'प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी' से प्रेरित आर्ट फॉर होप पहल साझा मूल्य सृजित करने के एच एम आई एफ के एप्रोच को आगे बढ़ाने वाली है। इस प्रोग्राम के माध्यम से हम सामाजिक बदलाव लाने वालों का सहयोग करते हैं, उभरते हुए एवं पीछे रह गए कलाकारों को सपोर्ट देते हैं, भारत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हैं और ऐसी रचनात्मकता को संभव बनाते हैं, जो समाज को आगे ले जाए। सीजन 5 एक अहम पड़ाव है। इस पहल के माध्यम से हमने सीधे 200 कलाकारों को लाभ पहुंचाते हुए और 25,000 से ज्यादा आर्ट प्रैक्टिशनर्स के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हुए अब तक कुल 2.3 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। हर साल बेहतरीन कलाकारों एवं कला समूहों को सपोर्ट करते हुए हम भारत के लिए और अपने साझा भविष्य के लिए विचारों को प्रभाव में बदल रहे हैं।'

आर्ट फॉर होप - सीजन 5 के प्रमुख बिंदु:

- **कुल 50 अनुदान प्राप्तकर्ता:** 10 कला समूहों एवं 40 व्यक्तिगत कलाकारों को विजेता चुना गया है, जिनमें 5 दिव्यांग कलाकार हैं
- हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, असम, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक एवं अन्य राज्यों समेत कुल 22 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से करीब 800 आवेदन मिले थे
- ग्रामीण कला समूहों, ट्राइबल स्टोरीटेलर्स, शहरी इनोवेटर्स और डिजिटल क्रिएटर्स समेत रचनात्मकता की दुनिया में भारत की व्यापक पहुंच को प्रदर्शित करते हुए यह पहल संवाद, समावेश एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देती है

आर्ट फॉर होप - प्रदर्शनी | 20-22 मार्च, 2026 | त्रावणकोर पैलेस, नई दिल्ली

आर्ट फॉर होप के तहत एच एम आई एफ एक समावेशी कला प्रदर्शनी का भी आयोजन कर रहा है। इसमें सभी सीजन 5 के अनुदान प्राप्तकर्ताओं के कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी को सभी के लिए सुगम बनाया गया है। टैक्टाइल आर्टवर्क, ऑडियो-विजुअल साइन

लैंग्वेज टूर और ब्रेल डिस्क्रिप्शन के माध्यम से यहां चलने, सुनने या देखने में अक्षम लोगों का भी ध्यान रखा गया है।

आर्ट फॉर होप के माध्यम से अनुदान प्राप्त कर्ताओं को आर्थिक मदद के साथ-साथ सामाजिक पहचान, प्रोफेशनल एक्सपोजर और भावनात्मक समर्थन भी मिलता है। इससे उन्हें अपनी चुनी हुई कला विधा में बेहतर आजीविका बनाने में मदद मिलती है।

Issued by:
Hyundai Motor India Foundation
Plot No. H-1, SIPCOT Industrial Park
Irungattukottai, Sriperumbudur Taluk
Kancheepuram District, Tamil Nadu - 602 117